**सर्वोच्च प्राथमिकता / फैक्स से**

**पत्र संख्या-स्था-6-सामान्य स्क्रीनिंग // 2017-18 //** 2350 **// वाणिज्य कर**

कार्यालय कमिश्नर राज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ / दिनांक 20 / जुलाई, 2017

**समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) वाणिज्य कर**
**उत्तर प्रदेश।**

---

कृपया इस कार्यालय के पत्र संख्या-2163 दिनांक 12-07-2017 व पत्र संख्या-2276 दिनांक 18-07-2017 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा कार्मिक अनुभाग के शासनादेश संख्या-13/48/85-कार्मिक-1 दिनांक 26-10-1985 के अनुपालन में दिनांक 31-03-2017 को 50 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले समूह-ग एवं समूह-घ के कार्मिकों को अनिवार्य रुप से सेवानिवृत्त करने हेतु शासनादेश संख्या-13/5-89-का-1-1989 दिनांक 06-02-1989, शासनादेश संख्या-13/6/98-का-1-98 दिनांक 21-05-1998, शासनादेश सख्या-868/13/6-98-का-1-2000दिनांक 23-09-2000, शासनादेश संख्या-199/का-1-2001 दिनांक 23-09-2000 तथा शासनादेश संख्या-13(1)2007/का-1-2007 दि0 25-01-2007 को ध्यान में रखते हुये नियुक्ति प्राधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित करके अनिवार्य रुप से सेवानिवृति के सम्बन्ध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर क्रमश: दिनांक 17-07-2017 व दिनांक 24-07-2017 तक वांछित सूचना मुख्यालय पर उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई है।

सन्दर्भित प्रकरण में उप सचिव, संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग-3 उ0प्र0 शासन लखनऊ के **पत्रांक-मु0स0-1/11-3-2017-144/ 17 दि0 20-07-2017 द्वारा वांछित सूचना / प्रमाणन शुक्रवार की बैठक हेतु शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किये गये हैं। चूंकि प्रकरण की मानीटरिंग मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा की जा रही है**। अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि वांछित स्पष्ट सूचना / प्रमाणन फैक्स के माध्यम से सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि स्क्रीनिंग से सम्बन्धित सूचना समयान्तर्गत सूचना शासन को प्रेषित की जा सके।

**( वीरेन्द्र नारायण वर्मा )**
**डिप्टी कमिश्नर ( स्था0अराज0) वाणिज्य कर कर**
**मुख्यालय, लखनऊ ,**

**पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।**

**प्रतिलिपि-** ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय को पत्र की एक प्रति इस आशय से प्रेषित कि कृपया इसे तत्काल विभागीय वेब साइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें। 20.7.17

**डिप्टी कमिश्नर ( स्था0अराज0) वाणिज्य कर कर**
**मुख्यालय, लखनऊ ,**